सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 343 | इंदौर, गुरुवार 22 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. Road Accident: पिथौरागढ़ में बड़ा सड़क हादसा, 500 मीटर गहरी खाई में गिरी बोलेरो, आठ की मौत और दो घायल
2. Indian Muslims: 'भारतीय मुस्लिमों को खुद को पीड़ित दिखाना बंद करना चाहिए', सऊदी अरब में बोले जफर सरेशवाला

# जनजातीय विभाग में 4 करोड़ का घोटाला

## 3 फरार आरोपियों के खाते फ्रीज कराए, 8 लाख रुपए से अधिक जमा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

बुरहानपुर। जनजातीय विभाग में हुए करीब 4 करोड़ के घोटाला प्रकरण में पुलिस की जांच जारी है। इस मामले में अब तक 5 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। विभागीय लेखा प्रभारी नारायण पाटिल ने अनियमित तरीके से बैंक खाता खोलकर 2010 से 17 के बीच करोड़ों रुपया निकाला था। अकाउंट नर्मदा झाबुआ बैंक में खोला गया था। अब पुलिस बैंक अफसरों की भूमिका की भी जांच करने वाली है। वहीं मामले में फरार चल रहे आरोपी बालचंद पवार, राजेश सावकारे और नरेंद्र महाजन के बैंक खाते पुलिस ने एक दिन पहले फ्रीज करा दिए हैं। खाते में करीब 8 लाख रूपए थे। अब तक पुलिस 15-20 लाख रुपए की रिकवरी भी कर चुकी है।

एसपी राहुल कुमार लोढ़ा के अनुसार, जनजातीय विभाग में अब तक 4 करोड़ का घोटाला उजागर हो चुका है। यहां से अलग-अलग लोगों के खातों में पैसा डाला गया था। पहले चेक से रकम निकाली गई थी। बाद में वही पैसा नारायण पाटिल लेखा प्रभारी को देने की बात भी सामने आई। इस मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। बालचंद पवार, राजेश सावकारे, नरेंद्र महाजन की पुलिस तलाश कर रही है। उनके अकाउंट कल फ्रीज करा दिए हैं। प्रयास कर रहे हैं कि उनके इन्वेस्टमेंट को रोक लगाएं। अलग अलग टीमें रेड कर रही है।



### सहायक आयुक्तों की लिस्ट बनाई, प्रदेश सरकार को भी लिख रहे पत्र

एसपी ने बताया कि घोटाले की अवधि के बीच जो अफसर सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थ रहे हैं उनसे पूछताछ की तैयारी की जा रही है। नोटिस जारी किए गए हैं। तत्कालीन सहायक आयुक्त और नेपानगर हाईस्कूल प्राचार्य अरुण महाजन को भी नोटिस जारी किया गया था, लेकिन वह फरार हो गए। सभी तत्कालीन सहायक आयुक्त से पूछताछ की जाएगी, लेकिन राजपत्रित अधिकारी से पूछताछ से पहले सरकार सरकार को सूचना जाती है। वह पत्र बना रहे हैं। सरकार को बताना होता है।

### बैंक के अफसर, कर्मचारी भी शंका के दायरे में

एसपी ने बताया कि कुछ ऐसे बिल हैं जो ट्रेजरी से पास हुए हैं वह बिल नहीं मिल रहे हैं। न तो ट्रेजरी में बिल मिल रहे हैं न ही जनजातीय विभाग में। राशि भी 60 से 70 लाख के आसपास निकाली गई है, इसलिए जिन लोगों को पैसा दिया गया था उनको नोटिस जारी कर बिल मांगे गए हैं। इन सबकी भी इन्वेस्टिगेशन चल रही है। बैंक अफसर, कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। बिना संक्शन खाता खुलने के बाद सालों तक करोड़ों का ट्रांजेक्शन हुआ, लेकिन इस पर किसी तरह की कोई आपत्ति नहीं ली गई, इसलिए बैंक अफसरों से भी पूछताछ करने की तैयारी की जा रही है।

कमलनाथ ने कहा-

# जनसैलाब बता रहा, अब परिवर्तन आ रहा

### अकोदिया की जनसभा में लोगों की उमड़ी भीड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर।** विधानसभा चुनाव के चलते पीसीसी चीफ कमलनाथ प्रदेश के जिले के अकोदिया नगर पंचायत की स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में पहुंचे। जहाँ विशाल जनसभा आयोजित की गई। पीसीसी चीफ कमलनाथ ने अकोदिया में जनसभा के पहले हेलीपेड से सभा स्थल तक रोड़ शो किया। इसके बाद महती सभा में अपना सम्बोधन जटाशंकर महादेव के जयकारे के साथ शुरू किया। उन्होंने कहा कि, आप लोगों ने बड़ी सख्या में आकर मुझे बल और शक्ति दी है इसके लिए आपका बहुत बहुत धन्यवाद।

इस सरकार से प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। मजदूर परेशान है। युवा बेरोजगारी से परेशान है। किसान खाद-बीज न मिलने से परेशान है। व्यापारी वर्ग भी नई-नई नीतियों के कारण परेशान हो रहे हैं। हमारी चिंता यही है कि, मध्यप्रदेश को आखिर कैसे सुरक्षित रखा जा सके? धर्म के नाम पर जो राजनीति करते हैं, उन्होंने धर्म को भी भ्रष्टाचार का माध्यम बना लिया है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि मैं हनुमान भक्त हूं। उन्होंने कहा कि मैं हिन्दू हू लेकिन मैं बेवकूफ नहीं हूं। प्रदेश सरकार के इतने साल के कार्यकाल में कई बार विवाद हुए हैं। जो यह दर्शाता है कि ये लोग नफरत की राजनीति कर रहे हैं। लेकिन अब इनकी यह चाल प्रदेश में नहीं चलने वाली है।

# दो माह में ही टूटे वंदे भारत के कांच

### यात्रियों के सुहाने सफर का मजा करते हैं किरकिरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** वंदे भारत ट्रेन अपनी सुविधाओं और गति को लेकर देश भर में चर्चित हो रही है। हर यात्री इसमें आरामदायक यात्रा करना चाहता है। वंदे भारत का प्रदेश का पहला रैक रानी कमलापति स्टेशन से निजामुद्दीन के बीच दौड़ रहा है जिसे खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाई थी। पिछले 60 दिनों में वंदे भारत ट्रेन से करीब सात हजार यात्री यात्रा कर चुके हैं। इससे रेलवे को अभी तक आठ करोड़ रुपये का राजस्व भी मिल चुका है, लेकिन इतने कम समय में ही इस ट्रेन की हालत बिगड़ती रही है। इसके रख-रखाव में कई खामियां नजर आने लगी हैं। ट्रेन के चार कांच टूट चुके हैं, जिन्हें एक पखवाड़े से अधिक बीतने पर भी सुधारा नहीं जा सका है। इन बोगियों, विशेषकर इन टूटी खिड़कियों की सीट पर बैठने वाले यात्रियों की यात्रा का मजा किरकिरा हो रहा है।

यह ट्रेन 700 किमी का सफर 7.30 घंटे में तय करती है। शनिवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलती है। भोपाल से चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस यही दूरी 8.35 घंटे में यही दूरी तय करती है। ट्रेन में कैटरिंग वैकल्पिक है।

शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने कहा ...

# धर्म के संबंध में अश्लीलता परोसने वाली फिल्मों को स्वीकृति नहीं देना चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** आदिपुरुष फिल्म के रिलीज के बाद से ही देशभर में बैन करने की मांग उठ रही है। फिल्म को लेकर विवाद तेज हो गया है। खंडवा पहुंचे जगदगुरू शंकराचार्य शारदा मठ द्वारका के पीठाधीश्वर स्वामी सदानंदजी सरस्वती महाराज ने लव जिहाद, धर्मांतरण, गोहत्या सहित रामायण आधारित विवादित बन चुकी आदिपुरूष फिल्म पर भी अपने विचार रखे। पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने कहा, अनैतिक लोग धनार्जन करने के लिए नैतिक संदेश प्रचार करने का प्रयास करते हैं। जहां स्वयं ही नैतिकता सिद्ध नहीं है, उनसे हमारे बालक क्या सीखेंगे। समाज, जागरूक लोगों और शासन की जिम्मेदारी है, वे ऐसे चलचित्र दिखाने की अनुमति ही क्यों देते हैं। जिनमें धर्म के संबंध में अश्लीलता परोसी जा रही है। ऐसी फिल्मों को स्वीकृति ही नहीं देना चाहिए।



### ● लव जिहाद धर्म परिवर्तन करने का षडयंत्र

तीसरा यह कि, जब हम माता-पिता को नहीं बदल सकते है तो धर्म को कैसे बदल सकते है। ऐसे क्षेत्रों में जाना चाहिए। धर्म सास्वत है। धर्म में कोई परिवर्तन नहीं किया जाता है। हम अपना रक्त नहीं परिवर्तित कर सकते है। हमें अपनी संस्कृति और संस्कारों में परिवर्तन नहीं करना चाहिए। यह बात अभावग्रस्त लोगों को बताना चाहिए। धर्म बदलने के दौरान उनके साथ छल होता है। कानून का सहारा लेंगे तो कोर्ट में सिद्ध करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जागरूकता ही उपाय है। आगे लव जिहाद को लेकर कहा कि, यह तो कुछ नहीं है। यह धर्म परिवर्तन करने का षडयंत्र है।

# दो माह में शुरू होगा नायता मुंडला बस स्टैंड, 95 प्रतिशत काम हुआ पूरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में एमआर-10 और नायता मुंडला में आधुनिक आईएसबीटी बस स्टैंड बनाए जा रहे हैं। **नायता मुंडला बस स्टैंड दो माह में शुरू हो जाएगा। इसमें सौंदर्यीकरण और छोटे-मोटे काम पूरे किए जा रहे हैं। बस स्टैंड पर 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका हैं। आरई-2 सड़क निर्माण का काम भी तेज गति से चल रहा है। इस सड़क के नेमावर रोड से जुड़ते ही बस स्टैंड को शुरू कर दिया जाएगा। इससे बस से बिना किसी बाधा के सीधे निर्माण रोड पहुंच जाएगी। लगभग 15 करोड़ की लागत से निर्मित इस बस स्टैंड की क्षमता प्रतिदिन 650 बसों के संचालन की है। जहां से प्रतिदिन लगभग 30 हजार यात्री को बसों की सुविधा मिलेगी।**

### 15 करोड़ की लागत से हो रहा तैयार

शहर के आवागमन को व्यवस्थित करने के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के दो प्रमुख क्षेत्रों में आईएसबीटी बस स्टैंड बनाए जा रहे हैं। नायता मुंडला स्थित बस स्टैंड का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इस आधुनिक बस स्टैंड से प्रतिदिन 30 हजार के करीब यात्री सफर कर सकेंगे। मल्टीपल टिकीट खिड़की, पूछताछ केंद्र, ड्राइवरों के लिए विश्राम कक्ष के साथ सभी मूलभूत सुविधाओं का समावेश इस स्टैंड पर किया गया हैं।

प्राधिकरण अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने बताया कि इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा यातायात, नगर विकास एवं आमजन के लिए हितकारी परियोजनाओं को तीव्र गति से सुनियोजित तरीके से विकसित किया जा रहा है। शहर में प्रादेशिक स्तर के आवागमन को सुचारु ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से प्राधिकरण द्वारा एमआर 10 तथा नायता मुंडला में अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) बनाए जा रहे। मूँडला नायता अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का कार्य अपने अंतिम चरण में है, शीघ्र ही यह जनता के उपयोग लिए लोकार्पण किया जाएगा।

### अध्यक्ष और अधिकारियों ने किया दौरा

नायता मुंडला स्थित आईएसबीटी बस स्टैंड के निर्माण कार्यों का अवलोकन करने के लिए प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपाल से चावड़ा मुख्य कार्यपालिक अधिकारी आरपी अहिरवार प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी, योजना के आर्किटेक्ट, पीएमसी एवं निर्माण एजेंसी के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और जल्द ही कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने परिसर का भ्रमण कर सुविधाओं का भी अवलोकन किया गौरतलब है कि प्राधिकरण दोनों आईएसबीटी बस स्टैंड को सितंबर से पहले शुरू करने की योजना को लेकर कार्य कर रहा है।

### आरई-2 से आसान होगी राह

नगर निगम द्वारा नेमावर रोड से नायता मुंडला होते हुए खंडवा रोड तक आरई-2 सड़क बनाई जा रही हैं। इस सड़क का 70% काम पूरा हो चुका है। सड़क के नेमावर रोड से जुड़ते ही आईएसबीटी बस स्टैंड तक बसों के पहुंचने की राह आसान हो जाएगी। अभी बसें पालदा और नायता मुंडला की तरफ से आ सकती है। यह दोनों रास्ते संकरे होने से बसों के आवागमन में परेशानी होगी।

# ब्राह्मण समाज ने की छात्रवृत्ति योजना लागू कराने की मांग

**● कांग्रेस विधायक को सौंपा ज्ञापन, बोले- सरकार तक पहुंचाएं बात**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। समग्र ब्राह्मण समाज के कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू करने की मांग ब्राह्मण समाज द्वारा की जा रही है। इस कड़ी में बुधवार को सर्व ब्राह्मण युवा परिषद के पदाधिकारियों के साथ समाज के युवा एकत्रित होकर बाइक रैली के रूप में कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के यहां पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ब्राह्मण एकता जिंदाबाद..., और जय-जय परशुराम..., के उद्घोष भी लगाए।

समाजजनों ने कांग्रेस विधायक को एक ज्ञापन सौंपा। समाजजन की मांग है कि समग्र ब्राह्मण समाज के कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू की जाए। ये बात प्रदेश सरकार के संज्ञान में आए इसके लिए कांग्रेस विधायक को ये ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संगठन प्रमुख विकास अवस्थी, परशुराम महासभा के प्रदेश प्रभारी पं. संजय मिश्रा ने विधायक से सीएम शिवराज सिंह चौहान तक उनकी मांग पहुंचाने की बात कही।

### विधानसभा में मुद्दा उठाने का आश्वासन

विधायक जीतू पटवारी ने रैली के रूप में आए समाजजन को उनकी मांग को विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया। इस दौरान काफी देर तक पदाधिकारियों और विधायक के बीच चर्चा हुई। इस मौके पर संगठन के कन्नू मिश्रा सहित परशुराम महासभा के अध्यक्ष पं. गोविंद शर्मा, पं. अशोक चतुवेर्दी, पं. नरेंद्र तिवारी आदि सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली की ट्रिपिंग घटाने की सघन मॉनिटरिंग

**प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने किया संगम नगर, सिरपुर का दौरा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में बिजली की ट्रिपिंग में और कमी लाने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में ट्रिपिंग अभी भी कंपनी के अनुमान से ज्यादा है, वहां की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। ट्रिपिंग घटाने की योजना के तहत मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बुधवार दोपहर संगम नगर एवं सिरपुर क्षेत्र का दौरा किया। वहां उन्होंने मैंटेनेंस जैसे कार्यों की गुणवत्ता में और सुधार के साथ ही उपभोक्ता सेवाओं के प्रति गंभीरता रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रिड, फीडर, ट्रांसफार्मर एवं वितरण कंडक्टर-केबल आदि के सभी कार्य ऐसे हो कि सामान्य दिनों में ट्रिपिंग की स्थित कम से कम बने। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय मोहासे, शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनोज शर्मा, कार्यपालन यंत्री श्री रामलखन धाकड़, श्री योगेश आठनेरे, उच्चदाब प्रभारी श्री राहुल खत्री, श्री गगन सेन आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# ठेलों के लिए रेड, यलो और ग्रीन जोन की प्लानिंग ...

**● महापौर बोले शहर में ठेला लगाने वालों का होगा सर्वे और पंजीयन**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में फल-सब्जी और अन्य सामग्री बेचने के लिए ठेला लगाने वाले लोगों का नगर निगम सर्वे कराने जा रहा है। इसके साथ ही ठेले वालों का पंजीयन भी होगा। यह दोनों काम होने के बाद निगम फिर से शहर में रेड, यलो और ग्रीन जोन बनाकर ठेलों को व्यवस्थित लगवाएगा। सड़क और फुटपाथ पर लगने वाले ठेलों की वजह से बाधित होने वाले यातायात को सुधारने को लेकर यह किया जा रहा है।

शहर की सबसे बड़ी समस्या है ट्रैफिक इसको सुधारने को लेकर कई बार प्रयास प्रशासनिक, नगर निगम और यातायात पुलिस के स्तर पर हुए सफलता आज तक नहीं मिली है। जिधर जाओ, उधर ट्रैफिक की समस्या सुबह से लेकर रात तक रहती है। वाहन चालक परेशान होने के साथ आपस में गुत्थमगुत्था अलग होते रहते हैं। ट्रैफिक के लिहाज से शहर की जिन सड़कों को 60, 80 और 100 फीट से ज्यादा चौड़ा किया गया उन पर भी जाम की स्थिति बनती रहती है।

### ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने का बीड़ा उठाया महापौर ने

शहर की बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था की सुधारने का बीड़ा अब महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने उठाया है। इसके लिए उन्होंने निगम के यातायात एवं परिवहन विभाग के अफसरों को शहर में फल-सब्जी और अन्य सामग्री बेचने के लिए ठेला लगाने वाले लोगों का सर्वे करने का कहा है। इसके साथ ही ठेले वालों का पंजीयन किया जाएगा। इससे मालूम पड़ जाएगा कि कितने ठेले लगते और कहां पर लगते हैं। इसके बाद ठेलों को व्यवस्थित खड़ा करने को लेकर प्लानिंग बनाकर काम किया जाएगा ताकि ठेलों की वजह से यातायात बाधित न हो।

### व्यवस्थित होंगे ठेले और सुधरेगा यातायात

शहर में लगने वाले ठेलों का सर्वे और पंजीयन करवाया जा रहा है। इसके बाद रेड, यलो और ग्रीन जोन बनाकर ठेलों को व्यवस्थित किया जाएगा। इससे यातायात सुधरेगा और आमजन को राहत मिलेगी। रही बात शहर में पहले रेड, यलो और ग्रीन जोन बनाने के बावजूद प्रभावी ढंग से काम न होने की तो इस बार जरूर यह काम प्रभावी ढंग से होगा साथ ही रिजल्ट भी दिखेंगे।

**- पुष्यमित्र भार्गव, महापौर**

# कर्मचारियों की समस्यओं का शीघ्र निराकरण होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नवागत संभागीय पेंशन अधिकारी नीलम निनामा संयुक्त संचालक संभागीय पेंशन अधिकारी इन्दौर संभाग इन्दौर का म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष मोहन कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष भरत भदानिया की अगुवाई में जिला अध्यक्ष शिवनारायण शर्मा, जिला सचिव राकेश कुमार वर्मा ,कोषाध्यक्ष हरी सिंह पाल सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बालमुकुंद गौड़आदि उपस्थित थे। पूर्व संभागीय पेंशन अधिकारी ओमप्रकाश बागड़ी के कर्मचारी विरोधी रवैए की शिकायत म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ इंदौर के करने पर ही स्थातंरण हुआ हैं। इस अवसर पर नवागत संभागीय पेंशन अधिकारी नीलम निनामा ने सभी को अस्वस्त किया की किसी भी कर्मचारी की समस्याओं का शीघ्रता से निराकरण किया जायेगा।

# दिव्यांग बच्चों को वितरित की गई टीचिंग लर्निंग किट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ पर्सन विथ मल्टीपल डिसएबिलिटी (दिव्यांग जन) एन आईईपीएमडी सामाजिक न्याय विभाग भारत सरकार द्वारा सामाजिक न्याय विभाग इंदौर के सहयोग से मोबिस इंडिया फाउंडेशन के सीएसआर के अंतर्गत छह संस्थाओं के 100 दिव्यांग बच्चों को टीचिंग लर्निंग किट प्रदान की गई।**

होटल वाओ में हुए इस आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद श्री शंकर लालवानी थे। इस कार्यक्रम में एनआईईपीएमडी चेन्नई की सीएसआर एक्जीक्यूटिव डॉ. अभीनाया, मॉबिस इंडिया के एचआर हेड श्री सिंथिल कुमार, मोबिज इंडिया के इंदौर प्लांट के प्लांटर श्री विशाल सालुंके, सामाजिक न्याय विभाग इंदौर के संयुक्त संचालक के प्रतिनिधि श्री पवन चौहान तथा श्री शैलेंद्र सोलंकी भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद श्रीमती लिली डावर ने किया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने सुंदर गीत एवं योग की भी प्रस्तुति दी। लाभार्थी संस्थाएं युग पुरुष धाम बौध्दिक विकास केन्द्र, रोटरी पॉल हैरिस स्कूल, निःशक्त जन आधार वेलफेयर सोसायटी, अरुणाभ, मानसिक रूप से अविकसित बच्चों का बालगृह, अनुभूति सेवा विजन रही।

# 11 कट्टे अमानक पॉलीथिन जब्त

## 50 हजार रु का जुर्माना भी लगाया निगम ने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पिछले दिनों सियागंज में श्रीराम ट्रांसपोर्ट पर अमानक स्तर की पॉलीथिन पकड़ी थी। इस पर चालानी कार्रवाई कर जुमार्ना लगाया गया, जिसे ट्रांसपोर्ट संचालक ने जमा नहीं किया। इस पर ट्रांसपोर्ट पर ताले लगाकर सील कर दिया। इसी बीच बुधवार को नगर निगम ने एक और बड़ी कार्रवाई की। निगम ने एक ट्रांसपोर्ट संचालक यहां से 50 हजार रुपए जुमार्ना भरा तो ताले खोलने के साथ 11 कट्टे अमानक पॉलीथिन के जब्त किए गए।**

जानकारी के मुताबिक अमानक पॉलिथीन और सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी वस्तुओं पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा हुआ है। बावजूद इसके शहर में इनकी बिक्री और उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। इसकी रोकथाम के लिए निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसके चलते निगम को जोन-11 नेहरू स्टेडियम के अंतर्गत आने वाले सियागंज बाजार में 17 जून को सीएसआइ आशीष कापसे और जोन-6 के सीएसआइ अनिल सिरसिया ने एक ट्रांसपोर्ट पर छापामार कार्रवाई की थी।

सियागंज स्थित श्रीराम ट्रांसपोर्ट पर छापा मारने पर 11 कट्टे अमानक पॉलीथिन कैरी बैग पाए गए थे। इस पर सीएसआइ कापसे ने ट्रांसपोर्ट संचालक के खिलाफ चालान बनाकर 50 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया, लेकिन उसने जुमार्ना नहीं भरा। कापसे ने सहायक राजस्व अधिकारी प्रतीक बड़ोनिया को मौके पर बुलाकर ट्रांसपोर्ट पर ताले डलवाकर सील करवा दिया। लगातार तीन तक ट्रांसपोर्ट बंद रहने से हो रहे नुकसान को देखते हुए संचालक ने कल कापसे को बुलाया और 50 हजार रुपए जुमार्ना जमा किया। इसके बाद ट्रांसपोर्ट के ताले खोले गए और 11 कट्टे पॉलीथिन के जब्त किए गए। साथ ही चेतावनी दी गई अगर आगे से फिर पॉलीथिन लाकर रखी तो पुलिस में प्रकरण दर्ज करवा दिया जाएगा।


# इंदौर जिले में दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों के जाँच की विशेष मुहिम जारी

## विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिए गए सेम्पल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देश पर एवं अपर कलेक्टर डॉ. अभय बेडेकर के मार्गदर्शन में इंदौर जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य पदार्थों की सघन जॉंच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के संयुक्त दल द्वारा की गई कार्यवाही में ढाबा जंक्शन से पनीर एवं दही के कुल 02 नमूने, फखरी स्वीट्स ख़ातिवाला टैंक से मावा, पेड़ा, बर्फी, के कुल 04 नमूने, क्वालिटी मार्ट से मिल्क चॉकलेट, फ्लेवर्ड मिल्क, आइसक्रीम के कुल 7 नमूने, पांडे दूध डेरी फार्म पवनपुरी, पालदा नाका से दूध, पनीर, दही और छाँछ के कुल 4 नमूने, महेश दूध डेयरी मूसाखेड़ी से गाय का दूध, दही, पनीर, मिल्क केक, मलाई बर्फी के कुल 5 नमूने, श्री कृष्णा डेरी एवं मिष्ठान भंडार, केसरबाग़ रोड स्थित क्वालिटी मार्ट से उड़द दाल एवं धनिया पाउडर के कुल 02 नमूने, मूसाखेड़ी से गाय का दूध, दही, पनीर, मिल्क केक, मलाई बर्फी के कुल 5 नमूने लिए गए हैं।

सभी नमूनों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जांच हेतु खाद्य विश्लेषक भोपाल को भेजा गया है, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इंदौर में संचालित चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की सहायता से केसरबाग क्षेत्र मे स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों के कुल 24 खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच मौके पर ही की गई। मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब की सहायता से खाद्य व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच करने के आसान तरीके बताए गए। खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य व्यवसाय संचालकों को खाद्य अनुज्ञप्ति की शर्तों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth
विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ
लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-9111050101
www.detectivegroup.in

# रेप में नाकाम होने पर महिला को ट्रेन से फेंका

## सूरत एक्सप्रेस में वीडियो बनाए; विरोध किया तो रिश्तेदार को भी धकेला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** मुजफ्फरपुर से गुजरात जा रही सूरत एक्सप्रेस ट्रेन (19054) में बदमाशों ने महिला से रेप की कोशिश की। रेप करने में सफल नहीं हुए तो महिला और उसके रिश्तेदार को ट्रेन से फेंक दिया। दोनों ग्वालियर में रेल लाइन किनारे मंगलवार को बेहोश मिले थे। पुलिस ने बुधवार को अस्पताल पहुंचकर बयान लिए, तब घटना का पता चल सका।

घटना 19 जून की रात 11.30 बजे की है। ग्वालियर-बिलौआ के बीच बड़ोरी रेलवे लाइन पर महिला को फेंका गया था। मंगलवार सुबह दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। दोनों मूल रूप से झारखंड के रहने वाले हैं।

बिलौआ थाना प्रभारी रमेश शाक्य ने बताया, ह्यमहिला के फोटो खींचने पर बदमाशों से विवाद और मारपीट हुई। धक्का देने से महिला और उसका रिश्तेदार ट्रेन से गिरकर घायल हुए हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही है।ह्न ट्रेन नंबर 19054 सूरत एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से चलकर लखनऊ, ग्वालियर, गुना, रतलाम होते हुए सूरत जाती है। ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर शाम 6.31 बजे आती है। घटना वाले दिन ट्रेन लेट थी।

### लखनऊ से गुजरात जाने के लिए पकड़ी थी ट्रेन

झारखंड के पलामू जिले के चटकऊ गांव का रहने वाला 22 साल का युवक अपनी रिश्तेदार महिला (32) के साथ लखनऊ आया था। यहां से दोनों गुजरात के लिए सूरत एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना हुए। पीड़ितों का कहना है कि ट्रेन ग्वालियर रेलवे स्टेशन से 10 से 15 किलोमीटर आगे बढ़ी होगी, तभी पांच लोग उनकी सीट के सामने आकर बैठ गए। कुछ देर बाद उन्होंने अभद्रता शुरू कर दी।

महिला ने अपने बयान में बताया, ह्यपहले तो हम खामोश रहे, लेकिन आरोपियों ने हद पार कर दी। वे मेरे फोटो खींचने लगे। रिश्तेदार ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे पीट दिया। बीच-बचाव में मुझे भी पीटा। हम अपनी सीट से उठकर ट्रेन के गेट के पास आकर खड़े हो गए। आरोपी यहां भी आ गए और अभद्रता करने लगे। दोबारा हमारे साथ मारपीट की।

महिला ने बताया, ह्ययुवक उसका रिश्तेदार है। ट्रेन में जब आरोपी मुझे परेशान करने लगे, तो उसने खुद को मेरा पति बताया। ऐसा उसने इसलिए कहा था कि आरोपी मुझे परेशान करना बंद कर दें।ह्न रातभर महिला और उसका रिश्तेदार ट्रैक के किनारे बेहोश पड़े रहे। सुबह लोगों ने लाइनमैन को जानकारी दी। इसके बाद दोनों को जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# हमीदिया में शव के कान कुतर गए चूहे

## ●कांग्रेस बोली- आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में शव भी असुरक्षित; मंत्री ने कहा- जांच के आदेश दिए हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। राजधानी भोपाल में हमीदिया अस्पताल की मर्चुरी में रखे एक शव को चूहे कुतर गए। मामला मंगलवार को सामने आया। बुधवार को चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा, ह्यहमने जांच के आदेश दिए हैं।ह्न मामले में कांग्रेस भी हमलावर हो गई है। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा, ह्यआत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में शव भी असुरक्षित हैं।ह्न**

शव के कान को चूहों द्वारा कुतरे जाने की जानकारी मंगलवार दोपहर तब लगी, जब परिजन पोस्टमॉर्टम के बाद शव को लेने पहुंचे। परिजन ने स्टाफ से पूछताछ की तो उन्होंने कहा, यहां ऐसा तो होता रहता है। गुस्साए परिजन ने आपत्ति जताई और मर्चुरी पर ही हंगामा किया।

परवलिया निवासी 50 वर्षीय बीआर सिंह का सोमवार को निधन हुआ था। परिजन ने रात 7 बजे शव मर्चुरी में रखवाया था। मंगलवार सुबह शव डीप फ्रीजर से निकाला गया, तो दोनों कानों से खून बह रहा था। सूत्रों की मानें तो यहां 20 डीप फ्रीजर हैं। इनमें से 12 की खरीदी 2017 में हुई थी। बाकी 2014 के हैं। इनके गेट ठीक से बंद नहीं होते हैं। इस वजह से ऐसी घटनाएं होती हैं।

### प्रभारी डायरेक्टर बोले- हम चूहों से परेशान

मेडिको लीगल संस्थान के प्रभारी डायरेक्टर डॉ. नीलम श्रीवास्तव ने कहा, मर्चुरी में चूहों की भरमार है। हमने चूहे पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए हैं। केक भी रखते हैं, ताकि चूहों को कम किया जा सके। कुछ डीप फ्रीजर में छेद कर दिए हैं। हमारी कोशिश है दोबारा ऐसी घटना नहीं हो।

### मंत्री सारंग बोले, मर्चुरी को मॉड्यूलर बनाया जाएगा

मामले में चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है कि क्या कुछ कारण है, इसका पता लगाया जाए। हमने पूरी तरह मर्चुरी को मॉड्यूलर बनाने की प्रक्रिया शुरू की है। यही नहीं, सभी जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में जहां भी मर्चुरी है, वहां मॉड्यूलर बनाने की प्रक्रिया शुरू की है।

### कांग्रेस ने बताया शवराज

घटना पर कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने ट्वीट किया, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में इंसान तो असुरक्षित हैं ही, अस्पतालों में इंसानों के शव भी असुरक्षित। है न शवराज...।

# लुधियाना में प्रदेश की 20 महिला खिलाड़ी बेहोश

## खाना खाते ही चलती ट्रेन में तबीयत बिगड़ी; वाघा बॉर्डर घूमने आए थे 120 बच्चे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

लुधियाना। **लुधियाना में बुधवार को ट्रेन में अमृतसर से मध्य प्रदेश जा रहे 120 महिला खिलाड़ियों के ग्रुप के साथ हादसा हो गया। इनमें से 20 महिला खिलाड़ी खाना खाने से अचानक बेसुध हो गईं। इसका पता चलते ही लुधियाना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया। जिसके बाद इन सभी को तत्काल लुधियाना सिविल अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज जारी है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक ये बच्चे राजगढ़, बेतूल, सिंगरौली,धार और भोपाल जिले के रहने वाले हैं। खिलाड़ियों के खाए खाने को लुधियाना के सिविल अस्पताल में जमा कराकर उसकी भी जांच की जा रही है।**

### अमृतसर के होटल से खाना पैक कराया

जानकारी के मुताबिक मध्य प्रदेश से अलग-अलग खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का एक ग्रुप कल्चर एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अमृतसर वाघा बॉर्डर घूमने आया था। इन्हें मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग की तरफ से यहां लाया गया था। यहां वाघा बॉर्डर से वापस लौटते वक्त उन्होंने अमृतसर के एक होटल से खाना पैक कराया। फिर वे अमृतसर से मध्य प्रदेश जाने के लिए ट्रेन में बैठ गए।

### ट्रेन में बैठकर खाना खाते ही बिगड़ी तबीयत

अमृतसर में ट्रेन में बैठकर वे होटल से पैक करवाकर लाए खाने को खाने लगे। जब ट्रेन अमृतसर से जालंधर के फिल्लौर पहुंची तो बच्चों की तबियत बिगड़ने लगी। इसके बाद एक-एक कर खिलाड़ी बेहोश होने लगे। किसी को कुछ समझ नहीं आया। खाना खाने के बाद 20 खिलाड़ियों की हालत बिगड़ने लगी। यह देखकर ट्रेन में हड़कंप मच गया। खिलाड़ियों को बेहोश होते देख रेल अफसरों को इसकी सूचना दी गई।

### फूड पॉइजनिंग की आशंका, इलाज जारी

जिसके बाद लुधियाना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया। वहां पहले से अधिकारी तैनात थे। घटनास्थल पर डॉक्टरों की टीम भी बुला ली गई थी। यहां उनका चेकअप किया गया लेकिन फूड पॉइजनिंग से हालत बिगड़ने की आशंका को देखते हुए उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया।

### खिचड़ी खाते ही उल्टियां होने लगी

एक महिला खिलाड़ी ने कहा कि हम मध्यप्रदेश से बॉर्डर विजिट के लिए आए थे। रास्ते में टीचर्स ने एक होटल से सब्जी, पूरी, खिचड़ी और दाल खरीदी। ऐसा लग रहा है कि खिचड़ी खराब हो गई थी लेकिन बच्चों ने ध्यान नहीं दिया। खिचड़ी खाते ही उन्हें उल्टियां होने लगी। करीब 15 से 20 बच्चों की तबीयत खराब हुई।

# करप्शन पर कांग्रेस ने बनाई एमपी फाइल्स वेब सीरीज

## 18 साल में हुए घोटालों की वीडियो सीडी पीएम को करेंगे भेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मप्र में विधानसभा के चुनाव में पांच महीने का वक्त बचा है। ऐसे में फिल्मों, वेबसीरीज पर भी मप्र में खूब बयानबाजी हो रही है। द केरला स्टोरी, द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्मों पर मप्र में जमकर बयानबाजी हुई। अब मप्र कांग्रेस द कश्मीर फाइल्स की कॉन्ट्रोवर्सी के बाद मप्र फाइल्स नाम की वेब सीरीज लॉन्च करने जा रही है। मप्र कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने 18 साल में भाजपा की सरकार के दौरान हुए घोटालों और गड़बड़ियों को लेकर एक वेब सीरीज बनाई है। जल्द ही इसका वीडियो रिलीज किया जाएगा।**

एमपी फाइल्स वेब सीरीज तैयार कराने वाले मप्र कांग्रेस के प्रवक्ता सिद्धार्थ सिंह राजावत ने बताया कि पिछले 18 साल पहले 2003 में भाजपा ने स्वर्णिम मप्र बनाने का नारा दिया था। जनता ने उनपर विश्वास करते हुए बहुमत दिया] लेकिन वो विफल रहे। 2008 में कहा आत्मनिर्भर मप्र बनाएंगे उसमें भी विफल रहे। 2013 में कहा हम समृद्ध और विकसित मप्र बनाएंगे। इसमें भी विफल रहे। 2018 में एक नया नारा दिया कि हम गुजरात मॉडल पर बनाएंगे। जब मंथन करके उसका पूरा सार निकलकर सामने आया तो अमृत एक तरफ था और विष दूसरी तरफ था। 18 साल का विष देखा तो उसमें देखा गया कि 225 घोटाले हो चुके हैं। जनता ठगी जा चुकी है।

### ● मप्र के घोटालों पर भी वेब सीरीज बनाकर टैक्स फ्री करें

सिद्धार्थ राजावत ने कहा- हम प्रवक्ताओं ने इन घोटालों पर एक वेबसीरीज बनाई है। उसे नाम दिया है मप्र फाइल्स। इस वेबसीरीज में सिंहस्थ घोटाला, ओम सर्किट घोटाला, महाकाल घोटाला, चिक्की घोटाला, यूनिफार्म घोटालों को मिलाकर एक पूरी मध्य प्रदेश फाइल्स की वीडियो सीडी बनाई है। ये सीडी हम 27 जून को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेंट करेंगे। कि आप इस सीडी को देखें और, जिस तरह से आपने कश्मीर फाइल्स को टैक्स फ्री किया था उसी प्रकार इन घोटालों पर एक वेबसीरीज बनवाकर उसे टैक्स फ्री करें और जनता को दिखाएं। किस तरह से 18 सालों में घोटाले हुए। किस तरह से जनता का टैक्स खा गए, किसानों का मुआवजा खा गए। इसमें मंत्रियों द्वारा किए गए घोटालों की फेहरिस्त प्रधानमंत्री को सौंपेंगे।

### रेपिस्ट को 10 वर्ष की कैद

# निकाह का झांसा देकर किया दुष्कर्म, पीड़िता गर्भवती हुई तो मुकर गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर में निकाह करने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने फैसला सुनाया है। प्रकरण की सुनवाई अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश अब्दुल्लाह अहमद की कोर्ट में हुई। न्यायालय ने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी साजिद उर्फ सज्जू मंसूरी को दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक रामबाबू रावत ने की।

अभियोजन के मीडिया प्रभारी के अनुसार 26 अप्रैल 2019 को पीड़िता ने राहतगढ़ थाने में शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि वह अपने मायके में अपने पिता, छोटी बहनों के साथ रहती है। अगस्त 2018 में आरोपी उसके घर दिन में करीब 10 से 11 बजे के बीच आया। उस समय घर पर कोई नहीं था। आरोपी बोला कि पानी पिला दो तो पीड़िता पानी लेने के लिए अंदर गई। आरोपी उसके पीछे-पीछे घर के अंदर आया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। गलत काम करने के बाद आरोपी बोला कि यदि किसी से कुछ बताया तो जान से मार देगा। धमकी देते हुए कहा कि उसने पीड़िता का वीडियो बना लिया है। सभी को बताकर बदनाम कर देगा।

घटना के करीब 4-5 दिन बाद आरोपी रात के समय दोबारा घर आया और अपनी गलती मानी। वह कहने लगा कि उससे गलती हो गई है और शादी करने का आश्वासन दिया। कहा कि वह अब उसकी पत्नी है। पीड़िता उसकी बातों में आ गई। उसके बाद आरोपी लगातार उसके साथ गलत काम करता रहा। इसी बीच पीड़िता गर्भवती हो गई।

# गोताखोर की शिप्रा में डूबने से मौत, नहीं थम रहे है शिप्रा नदी में हादसे

**उज्जैन।** अर्जुन कहार शिप्रा तैराक दल का सदस्य था,जिसने अब तक 200 से अधिक लोगों को रामघाट पर डूबने से बचाया था। मंगलवार शाम को अर्जुन रामघाट पर नहाने गया था। उसी समय उसका पैर नदी में बंधी रस्सी में उलझ गया। बुधवार को उसका शव नदी में तैरता हुआ मिला। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि अर्जुन पिता अंबुलाल कहार आयु 30 निवासी नृसिंह घाट कॉलोनी शिप्रा तैराक दल का सदस्य था। जिसने अब तक 200 से अधिक लोगों को रामघाट पर डूबने से बचाया था। मंगलवार शाम को अर्जुन रामघाट पर नहाने गया था। उसी समय उसका पैर नदी में बंधी रस्सी में उलझ गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

भाग जाना बहुत ही आसान है पर जाग जाना बहुत कठिन है...
आप भागो मत बल्कि जागो...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### एल. वी. प्रसाद



**(पूरा नाम अक्कीनेनी लक्ष्मी वारा प्रसाद राव; जन्म- 17 जनवरी, 1908, आन्ध्र प्रदेश; मृत्यु- 22 जून, 1994)**
भारतीय सिनेमा में एक सफल फ़िल्मकार, निर्माता-निर्देशक और अभिनेता के रूप में याद किये जाते हैं। एन. टी. रामाराव सहित कई कलाकारों के सिने कैरियर में चार चाँद लगाने वाले एल. वी. प्रसाद दक्षिण भारत की विभिन्न भाषाओं के अलावा हिन्दी फ़िल्मों में भी सफल रहे थे। उन्होंने सामाजिक उद्देश्यों के साथ कई मनोरंजक फ़िल्में बनाईं। कम उम्र में ही वे नाटकों और नृत्य मंडलियों की ओर आकर्षित हो गए थे। इन्हीं सपनों को लेकर वे एक दिन घर छोड़कर मुंबई चले आये। लेकिन उनका ये सफर आसान नहीं रहा और उन्हें तमाम तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ा।

## संपादकीय

### गहराता संकट

मगर भारतीय कृषि नीति और कृषि क्षेत्र के लिए बजट के निर्धारण को देखते हुए यही लगता है कि सरकार अभी खाद्य संकट को लेकर गंभीर नहीं है। पिछले साल समय से पहले गर्मी का मौसम शुरू हो गया, तो गेहूं के दाने सिकुड़ गए। दलहन और तिलहन के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव दिखाई देने लगा। सबसे कमजोर पहलू भंडारण का है। अव्वल तो सरकारी खरीद अपेक्षित लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाती, फिर अनाज को खुले में प्लास्टिक आदि से ढंक कर रख दिया जाता है और असमय या अत्यधिक बारिश की वजह से हर साल बहुत सारा अनाज बर्बाद चला जाता है। देखने में आया है कि जलवायु परिवर्तन का सबसे बुरा प्रभाव खेती-किसानी पर पड़ा है। कृषि उत्पादन में कमी दर्ज की जाने लगी है। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं सूखे की वजह से बड़े पैमाने पर फसलें बर्बाद चली जाती हैं। इसलिए भी खासकर विकासशील और गरीब देशों में खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता गहरी होती जा रही है। भारत के सामने यह संकट कई वजहों से बड़ा है। एक तो आबादी की दृष्टि से यह दुनिया का सबसे बड़ा देश बन गया है। दूसरी तरफ कृषि उत्पादन के मामले में कमी दर्ज हो रही है। हालांकि खाद्यान्न के मामले में भारत आत्मनिर्भर है, मगर जिस तरह उत्पादन में कमी दर्ज हो रही है और जो उत्पादन होता है, उसका पूरी तरह सुरक्षित भंडारण नहीं हो पाता, उसमें खाद्य सुरक्षा कानून का लंबे समय तक पालन कर पाना चुनौती बनता जा रहा है। पहले ही अस्सी करोड़ से अधिक आबादी को मुफ्त के राशन पर निर्भर रहना पड़ रहा है, उनके पास रोजगार के ऐसे साधन नहीं हैं कि वे अपना भोजन वे खुद जुटा सकें। इस तरह इस आबादी में कुपोषण की गंभीर समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक भारत में दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले कहीं अधिक कुपोषित बच्चे हैं। केवल एक या दो वक्त पेट भरने के लिए अनाज का प्रबंध हो जाने से पोषण की गारंटी नहीं दी जा सकती। समुचित पोषण के लिए फल, दूध, सब्जियों आदि की पर्याप्त उपलब्धता भी जरूरी है। इसके लिए कोई सरकारी प्रबंध नहीं है। ऐसे में कुपोषण की समस्या यहां बढ़ने की आशंका अधिक है।

### अर्ज किया है..!

*दिल धड़कने का*
*सबब याद आया*
*वो तिरी याद थी*
*अब याद आया*

*- नासिर काज़मी*

## धर्म-कर्म

# ध्यान हमारी निर्णय लेने की क्षमता को निखारता है



मन की दुविधा हो या अनिर्णय की स्थिति, दोनों ही परिस्थितियों में इनसे बाहर निकलने का एकमात्र जरिया है ध्यान। ध्यान हमारी समझ और निरीक्षण क्षमता को विकसित करने में सहायता करता है। और, एक बार जब हमारे भीतर यह क्षमता विकसित हो जाती है तो हमारी निर्णय क्षमता भी निखरने लगती है, ध्यान मन में इकट्ठा हुए तनावों को दूर करता है और मन को अपने असली स्वरूप में ले आता है। जब हमारा अंतर्मन शांत होता है, तब हम स्वत ही बाहरी संसार के साथ स्पष्ट मन से जुड़ जाते हैं। सभी तनावों से मुक्त मन एकाग्र, शांत और तीव्र हो जाता है। मन की इस अवस्था में लिए गए निर्णय, निश्चित रूप से अधिक उपयोगी और संतुलित होते हैं।

मैं सही निर्णय कैसे लूं? मैं यह कैसे जान पाऊं कि मैं सही निर्णय ले रहा हूं और यह निर्णय मुझे अच्छा परिणाम ही देगा? मैं यह कैसे तय कर पाऊं कि मेरे विचार मेरे काम को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकेंगे? इसके साथ-साथ, अन्य हितधारकों को भी अपने काम से कैसे प्रसन्न कर सकूं? ऐसा बहुत ही कम होता होगा, जबकि आपको अपने रोजमर्रा के जीवन के दौरान इस तरह के सवालों का सामना नहीं करना पड़ता होगा। हमें प्रतिदिन अपने घर एवं कार्यक्षेत्र में कई प्रकार के निर्णय लेने होते हैं। एक मैनेजर, सुपरवाइजर या एक गृहिणी की हैसियत से हमारे द्वारा लिया गया हर निर्णय हमारी योग्यता का मापदंड बन जाता है। यह जान कर आपकी उत्सुकता और भी जाग्रत हो जाएगी कि ध्यान आपकी निर्णय लेने की क्षमता को निखार सकता है।

ध्यान एक ऐसी प्राचीन शक्तिशाली विधि है, जिसका अभ्यास आपके मन को सुदृढ़ ऊर्जा के स्रोत में परिवर्तित कर देता है, जिससे आपका मन बुद्धिमान निर्णय लेने की क्षमता पा लेता है।

ध्यान मन में इकट्ठे हुए तनावों को दूर करता है और मन को अपने असली स्वरूप में ले आता है। जब हमारा अंतर्मन शांत होता है, तब हम स्वत ही बाहरी संसार के साथ स्पष्ट मन से जुड़ जाते हैं। सभी तनावों से मुक्त मन एकाग्र, शांत और तीव्र हो जाता है। मन की इस अवस्था में लिए गए निर्णय, निश्चित रूप से अधिक उपयोगी और संतुलित होते हैं। हमारा मन संसार के साथ रहते हुए अनेक तरह की बाहरी प्रवृत्तियों में संलग्न हो जाता है। ध्यान के फलस्वरूप, मन इन प्रवृत्तियों से मुक्त होकर सही दिशा में निष्पक्ष निर्णय लेने लगता है। नियमित ध्यान निर्णय लेने के लिए सही संतुलन देता है।

ध्यान आपके मस्तिष्क के दोनों भागों में संतुलन बनाए रखता है, जिससे आपको स्वयं को किसी प्रकार की नकारात्मकता या भावनात्मकता से दूर रखते हुए समाधान ढूंढ़ने का सामर्थ्य प्राप्त हो जाता है।

ध्यान आपको अपने उस अंतर्तम स्वयं की खोज में मदद करता है, जिसमें आप अपने आपको एक आनंदित और ऊर्जा के स्रोत के रूप में पाते हैं। आप जान पाते हैं कि एक असीम मस्ती और खुशी आपके खिले हुए स्वरूप में निहित है। आप आसानी से ही, बढ़े हुए काम के भार, दबाव और डेडलाइन को भी संभाल पाते हैं और हर पल एक अच्छा निर्णय लेने के लिए तैयार रहते हैं।

आप कितनी दृढ़ता और विनम्रता से अपना निर्णय या अपने विचार किसी के सम्मुख रखते हैं, ध्यान इस बात को सुनिश्चित करेगा। दृढ़ता और विनम्रता के बीच एक सही संतुलन होना चाहिए, जो आपके अंतर्मन की जाग्रति से विकसित होता है। ध्यान आपके मन को एक सशक्त भाव देता है। परंपरागत रूप से, ग्रहणबोध और अवलोकन शक्ति के साथ-साथ, अंतर्प्रज्ञा के द्वारा लिए गए निर्णय अधिक अच्छे और संपूर्ण होते हैं। ध्यान एक सहज तकनीक है, जो आपकी अंतर्प्रज्ञा को बढ़ाती है और साथ-साथ ग्रहणबोध और अवलोकन शक्ति को भी। अंतर्प्रज्ञा विचार का एक अतिरिक्त आयाम है, जो केवल ध्यान करने वाले लोग ही प्राप्त कर पाते हैं।

ध्यान आपकी समझ और निरीक्षण की क्षमता के विकास में मदद करता है। जब मन में पूर्ण रूप से स्पष्टता हो तो प्रभावी निर्णय लेने की क्षमता स्वत ही आ जाती है।

## Highlights

1. 1.2 lakh people affected as flood situation worsens in Assam
2. Rihanna wears 5.7 crore diamond watch around her neck; pic goes viral
3. 'Drunk' caller who threatened to kill PM, Shah & Bihar CM arrested
4. What is on the dinner menu for PM Modi at White House?
5. 'Pipeline of talent' needed for India, US to maintain growth: PM
6. Mob torches homes, shops over alleged murder in WB's Naxalbari

# All you need to know about the new National Pension Scheme (NPS) Withdrawal rule

**NEW DEIHI, (Agency).** Indians are becoming more financially literate and looking for ways to ensure a comfortable living long after their working age is up. The Indian government's National Pension System (NPS) has recently gained popularity over the years. With NPS, individuals can contribute towards their retirement and build a corpus of funds to be used in old age.

These services can be used by any Indian -- all employees in private, public (except for those in the armed forces), and unorganised sectors. Under the old pension scheme, subscribers were provided monthly pensions that were typically half the last salary before retirement. But NPS withdrawal or exit offers a subscriber more lucrative options.

What is the National Pension System (NPS)?

Regulated by the Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA), the tax-saving NPS is



a boon to many. This pension-cum-invetsment plan allows you to build a reservoir for funds besides substantially reducing your tax liability. You can use the scheme as a tax exemption tool depending on the NPS account you choose -- NPS Tier 1 or NPS Tier 2. Under the Tier 1 scheme, a subscriber can withdraw 60 per cent of their funds after retirement in a tax-exempt manner.

However, the Tier 2 account doesn't offer tax sops except for government employees and is similar to a mutual funds account.

The tax-saving NPS also lets subscribers withdraw a maximum of 60 per cent lump sum with tax exemptions -- the remaining will be used for purchasing annuity plans.

New NPS Withdrawal Rules

Exiting the NPS and choosing annuities used to be a tricky process - largely owing to the lack of financial knowledge among Indians. Moreover, the time taken by annuity service providers (ASPs) often became a hurdle for many.

Cognisant of these facts, the PFRDA introduced new rules this year to ease the process. These rules have come into effect since 1st April.

# IndiGo-Airbus deal a 'major win' for UK's aerospace sector: Rishi Sunak

**NEW DEIHI, (Agency).** Rishi Sunak has described the IndiGo-Airbus deal as a 'major win' for the United Kingdom's aerospace sector, saying that the agreement will help the UK's economy to grow.

"This contract is a major win for our aerospace sector. @Airbus's deal with @IndiGo6E will be worth billions to the UK and support thousands of jobs across the country – helping to grow the economy," the UK prime minister tweeted on Tuesday, a day after the two companies signed the contract.



While primarily French, Airbus, it must be noted, is a multinational aerospace corporation with offices and assembly plants in several countries, including both France and the UK. Its corporate name, in fact, is 'Airbus SE;' the 'SE' bit, which stands for 'societas Europaea' (European company/society), enables the company to register itself as a European corporation, rather than a national corporation.

IndiGo's 'thank you' to Rishi Sunak

Meanwhile, responding to Sunak, the United Kingdom's first Asian (Indian)-origin prime minister, IndiGo thanked him for his 'encouraging words.'

"Our partnership with @Airbus will indeed further propel growth in the aerospace sector and together this will help drive prosperity through increased travel and commerce. Thank you for your support," the Gurugram-headquartered India's largest budget carrier said in a tweet.

## Uttarpradesh

# हाईप्रोफाइल परिवार ने मांगा दहेज, ससुर ने की साथ शराब पीने की जिद, बहू ने खोला मोर्चा

**आगरा, (एजेंसी)** ताजनगरी आगरा में हाईप्रोफाइल परिवार के खिलाफ बहू ने मोर्चा खोला है। विवाहिता ने पति और ससुरालीजनों के खिलाफ थाना सिकंदरा में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि उसकी शादी में 1.21 करोड़ रुपए खर्च हुए। इसके बाद भी ससुरालीजन दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। विवाहिता ने ससुर और देवर पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़िता पश्चिमपुरी (सिकंदरा) की निवासी है। ससुराल आवास विकास कालोनी सेक्टर 13 बी में है। शादी नवंबर 2021 में हुई थी। शादी से पहले बताया गया था कि पति मल्टीनेशनल कंपनी में इंजीनियर है। पति ने व्यापार के लिए 50 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। एक ऑडी कार भी मांगने लगे। बात-बात पर मारपीट की जाने लगी।



विवाहिता के अनुसार पांच फरवरी 2022 को ससुर शराब पी रहे थे। उसे आवाज देकर चखना और बर्फ लाने को कहा। वह नमकीन और बर्फ लेकर गई। ससुर ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ अजीब हरकत करने लगे। उससे कहा कि पर्दा न किया करे। साथ बैठकर मौज ले। पढ़ी लिखी हो एक-दो पैग ले लिया करो। वह हैरान रह गई। विरोध पर ससुरालीजनों ने मारपीट की। एक दिन देवर ने बाथरूम में नहाते समय उसका वीडियो बनाने का प्रयास किया। नौ सितंबर 2022 को ससुरालीजनों ने उसे घर से निकाल दिया। तब से वह मायके में रह रही है। पति अनुज चौधरी, ससुर, सास, जेठानी और देवर को नामजद किया गया है।

पीड़िता ने हिसाब दिया गया है। चार अप्रैल 2021 को रिश्ता पक्का होने पर हल्दीराम रेस्टोरेंट में 25 हजार रुपए खर्च किए। 15 जुलाई 2021 को होटल डबल ट्रीवाय हिल्टन में रिंग सेरेमनी में 5 लाख 20 हजार रुपए खर्च हुए। 12 जुलाई को ससुरालीजनों को 25 लाख रुपए के सोने के जेवरात दिलाए। रिंग सेरेमनी में 41 लाख और चार लाख रुपए कपड़े और बर्तन खरीद को दिए।

20 जुलाई को लगन कार्यक्रम को 80 हजार रुपए कपड़ों के लिए, पति की चेन, अंगूठी के लिए 1.55 लाख रुपए और सास की गले की चेन के लिए 1.35 लाख रुपए का भुगतान किया। 26 नवंबर को शादी के लिए साढ़े तीन लाख रुपए में पश्चिमपुरी में वैली मैरिज होम बुक किया। मेहमानों की दावत को 24 लाख शादी पर एक करोड़ 20 लाख 85 हजार खर्च किए।

## New Delhi

# व्हिस्की की तीन बोतल में 38 करोड़ के ड्रग्स भरकर लाई थी विदेशी महिला, दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ी गई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक केन्याई महिला को 38 करोड़ रुपये की कोकीन की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. वह व्हिस्की की बोतलों में कोकीन को छिपाकर ले जा रही थी. कस्टम अधिकारियों ने बताया कि आरोपित आदिस अबाबा से 19 जून को नई दिल्ली पहुंची. यहां एयरपोर्ट पर उतरने के बाद उसने ग्रीन चैनल पार कर लिया. संदेह होने पर जब उसे रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से कोकीन से भरीं व्हिस्की की तीन बोतलें मिलीं. जब उनकी जांच की गई तो उनमें 2.5 किलोग्राम कोकीन मिला. पूछताछ में बताया गया जिस बैग में व्हिस्की मिली थी, उसे नैरोबी में महिला यात्री को सौंपा गया था, जिसे दिल्ली में किसी को सौंपना था. अधिकारी ने बताया कि फिलहाल महिला यात्री को गिरफ्तार कर कोकीन जब्त कर ली गई है. आरोपी को मंगलवार को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. दिल्ली हवाई अड्डे पर छह दिन पहले भी 13 करोड़ की कोकीन की तस्करी के आरोप में एक केन्याई महिला गिरफ्तार किया गया था.

## Jammu

# पुंछ के भाटादूड़ियां इलाके से फिर दिखे संदिग्ध, सुरक्षा बलों ने शुरू किया तलाशी अभियान

**पुंछ, (एजेंसी)** पुंछ जिले के भाटादूड़ियां जंगल में स्थानीय लोगों के संदिग्धों को देखे जाने की सूचना के बाद सेना ने तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के मुताबिक बुधवार सुबह इलाके में कुछ संदिग्ध इधर-उधर जाते दिखे। इस इलाके में सैन्य वाहन पर आतंकी हमला होने के बाद सुरक्षा पुख्ता की गई है। भाटादूड़िया के जंगल राजोरी के मंजाकोट के साथ लगते हैं। मंजाकोट के जंगलों से होते हुए थन्नामंडी, शाहदरा शरीफ के जंगलों से होते हुए मुगल रोड तक पहुंचा जा सकता है। इसके बाद वहां से कश्मीर की तरफ जाना आसान होता है। सूत्रों के अनुसार सेना ने पूरे इलाके में अपनी निगरानी बढ़ा दी है। बीस अप्रैल को पुंछ जिले के भाटादूड़ियां इलाके में सैन्य वाहन पर आतंकी हमले में पांच जवान शहीद हो गए थे। आतंकी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## Uttarakhand

# हिजाब पहनो और नमाज पढ़ो, हिंदू लड़की पर धर्म बदलने का डाला जा रहा था दबाव; बाप-बेटा गिरफ्तार

**श्रीनगर, (एजेंसी) उत्तराखंड के श्रीनगर में हिंदू लड़की के धर्मांतरण की कोशिश के मामले में पुलिस ने आरोपी बाप-बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। मुजीब खान (22) और उसके पिता बाबू खान (45) निवासी यूपी बदायूं के खिलाफ उत्तराखंड धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी लड़की को हिजाब पहनने और नमाज पढ़ने के लिए कहते थे।**

मंगलवार को स्थानीय व्यापारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों ने विशेष समुदाय के एक युवक पर हिन्दू युवती को बहला फुसलाकर भगाने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। जिसके विरोध में उन्होंने कोतवाली में पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए और तहरीर मिलने पर पुलिस ने तत्काल ऐक्शन लिया और धर्मांतरण का दबाव डालने के आरोपी बाप-बेटे को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया।

## खेल

# भारत ने पाकिस्तान को 4-0 से परास्त किया

### कप्तान सुनील छेत्री ने बरसाए गोल, लगाई हैट्रिक

**बेंगलुरु।** सैफ चैंपियनशिप में भारतीय फुटबॉल टीम ने जीत के साथ शुरुआत की है। उसने बेंगलुरु के श्रीकांतीरावा स्टेडियम में बुधवार (21 जून) को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 4-0 से परास्त कर दिया। भारत के लिए इस मैच के हीरो कप्तान सुनील छेत्री रहे। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान पर गोलों की बारिश कर दी। छेत्री ने हैट्रिक गोल दागा। उनके अलावा उदांता सिंह ने एक गोल किया।

भारतीय टीम ने शुरू से ही पाकिस्तान पर दबाव बनाए रखा। उसने पहले हाफ में ही दो गोल कर दिए। भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने 10वें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद उन्होंने 16वें मिनट में दूसरा गोल पेनल्टी पर किया। हाफटाइम तक स्कोर भारत के पक्ष में 2-0 रहा। टीम इंडिया इतने पर नहीं रुकी। उसने दूसरे हाफ में शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा



और पाकिस्तानी खिलाड़ियों को छकाया। 74वें मिनट में छेत्री ने पेनल्टी को नहीं गंवाया। उन्होंने एक और गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी कर ली। छेत्री के बाद उदांता सिंह ने 81वें मिनट में गोल कर स्कोर 4-0 कर दिया।

### गोलकीपर की गलती से छेत्री ने किया पहला गोल

पाकिस्तान की टीम को बेंगलुरु की परिस्थितियों से तालमेल बिठाने का मौका भले ही नहीं मिला, लेकिन खेल के चौथे ही मिनट में उसे गोल करने का बड़ा अवसर मिला। ईसा सुलेमान का हेडर गोल पोस्ट से थोड़ा बाहर निकल गया। इसके बाद भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाते हुए खेल के 10वें मिनट में पहला गोल किया। यह गोल पाकिस्तान के गोलकीपर साकिब हनीफ ने उपहार स्वरूप भारत को प्रदान किया। हनीफ बॉक्स के अंदर से ही गेंद से ड्रिबिल कर रहे थे। सुनील छेत्री ने आगे आकर उनसे गेंद छीन ली और खाली गोल में गेंद डाल दी। छह मिनट बाद थापा का गोल पर निशाना साधा और गेंद पाकिस्तानी रक्षक के हाथ से लग गई। रेफरी ने इस पर पेनाल्टी दे दी। छेत्री ने यहां भी गोल कर बढ़त 2-0 कर दी।

### कुवैत ने उद्घाटन मैच में नेपाल को 3-1 से हराया

कुवैत ने सैफ चैंपियनशिप के उद्घाटन मैच में नेपाल को 3-1 से पराजित कर दिया। इस चैंपियनशिप में पहली बार खेल रही कुवैत के लिए 23वें मिनट में पहला गोल कप्तान खालिद हाजिआह ने किया। 42वें मिनट में शबायब अलखालदी ने कुवैत की बढ़त को 2-0 कर दिया। 65वें मिनट में रोहित चंद ने बॉक्स के अंदर गेंद को हाथ से छू दिया। रेफरी ने कुवैत को पेनाल्टी दी, जिस पर मोहम्मद अब्दुल्ला ने गोल कर दिया। चार मिनट बाद नेपाल के अंजन बिष्ट ने गोल कर स्कोर 3-1 किया।

## सिनेमा

# आदिपुरूष विवाद पर बोले अरूण गोविल- 'क्रिएटिव लिबर्टी के नाम पर हद पार नहीं करें'



फिल्म 'आदिपुरुष' से जुड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. दर्शकों का आरोप है कि इस फिल्म के डायलॉग आपत्तिजनक हैं. साथ ही किरदारों को गलत तरीके से दिखाया गया है. फिल्म के राइटर मनोज मुंतशिर विवादों के घेरे में बने हुए हैं. मीडिया के साथ बातचीत में मनोज ने अपनी बात रखी थी. अब रामानंद सागर की 'रामायण' में राम का रोल निभाने वाले एक्टर अरुण गोविल ने इस बारे में बात की. अरुण गोविल ने कहा, 'पिछले कई दिनों से आदिपुरुष को लेकर बहुत कुछ कहा गया है, बहुत कुछ सुना गया है. हालांकि मुझे ऐसा लगता है कि थोड़ा ये मामला ज्यादा खिंच गया है. आदिपुरुष को अगर आप सिर्फ एक फिल्म के तौर पर देखें, अगर आप इसको ये ना कहें कि ये रामायण पर आधारित है. अगर हम ये ना कहें कि भगवान राम पर ये फिल्म बनी है, फिल्म के तौर पर अगर ये कोई और किरदार होते तो मुझे लगता है कि ये फिल्म ठीक थी. इसमें कोई दिक्कत नहीं थी. अच्छी बनी है ये फिल्म. लेकिन सवाल ये नहीं है.'सवाल ये है कि 'रामायण' को इस लाइट में दिखाना. वो चरित्र जिन्हें हम भगवान मानते हैं, भगवान की तरह पूजते हैं जो हमारे दिल में बसे हैं. जो हमारे सांस्कृतिक धरोहर हैं, जो हमारी मौलिकता हैं, जो हमारी आस्था हैं. उनके साथ जो क्रिएटिव लिब्रिटी ली गई है वो सभी को, ज्यादातर लोगों को अच्छी नहीं लगी. मुझे ये पसंद नहीं आया.

# पत्नी से तलाक का झांसा देकर बनाए संबंध

## शादी की बात कहकर एक साल तक करता अस्मत से खिलवाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। युवती से दोस्ती के बाद युवक ने पत्नी से तलाक होने की बात कहकर उसे अपने झूठे प्रेम जाल में फांस लिया और शादी करने का झांसा देकर उसकी अस्मत से खिलवाड़ करता रहा। करीब एक साल बाद जब पीड़ित को पता चला कि उसका पत्नी से तलाक नहीं हुआ है और वह शादी भी नहीं कर रहा है तो वह पुलिस के पास पहुंची और केस दर्ज कराया।**

लसूडिया पुलिस ने 30 वर्षीय पीड़िता की रिपोर्ट पर विजय पिता रामसिंह जुनवाल (34) निवासी रेडवाल कालोनी भागीरथपुरा के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि विजय ने मेरे साथ दोस्ती कर बताया कि मेरी पत्नि से तलाक हो गया हैं, मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं एंव तुमसे शादी करना चाहता हूं। एक दिन विजय पंचवटी कालोनी में ले गया, जहां एक घर में मुझे शादी का झांसा देकर जबरन मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाये एंव करीब एक वर्ष से शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाता रहा । मुझे बाद मे पता चला कि विजय की पत्नि से उसका तलाक नही हुआ हैं । मैने उससे दोस्ती तोडने का बोली तो मुझे जान से मारने की धमकी दी । पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### महिला ने किया ब्लेकमेल, दर्ज करा चुकी रेप का केस, अब खुद फंसी

लसूडिया इलाके में रहने वाली एक शादीशुदा महिला के खिलाफ पुलिस ने बिजनैसमैन की शिकायत पर ब्लैकमेल करके वसूली करने और धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी महिला पहले एक व्यक्ति के खिलाफ रेप का केस दर्ज करा चुकी है। फिलहाल वह जमानत पर है। महिला उससे लाखों रुपए भी ऐंठ चुकी है। पुलिस के मुताबिक राहुल शर्मा की शिकायत पर एक महिला के खिलाफ ब्लैकमेल करने ओर धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। महिला ने पहले 8 दिसबंर 2022 को राहुल के खिलाफ रेप ओर छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया था। इसके पहले ओर हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद लगातार महिला रुपये के लिये धमका रही थी। आरोपी महिला लाखों रुपये राहुल से वसूल चुकी थी। इस मामले में राहुल ने वरिष्ठ अफसरों को शिकायत की। इसके बाद सीएम हैल्प लाईन पर भी शिकायत की थी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी महिला पर केस दर्ज किया है। महिला की तलाश की जा रही है।

# हॉस्पिटल के कर्मचारी ने की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। किशनगंज थाना क्षेत्र में आने वाले मेवाड़ा हॉस्पिटल में एक नर्सिंग स्टाफ युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले की जानकारी जब लगी तब वह नाइट ड्यूटी पर नहीं आया। इस दौरान उसके रूममेट ने कमरा खोलना चाहा तो अंदर से रूम लॉक था, जब खिडक़ी से रूम में जाकर देखा तो वह फांसी पर लटका नजर आया।

अस्पताल संचालक राहुल मेवाडा ने बताया कि नाइट शिफ्ट में ऑपरेशन थिएटर में कार्यरत गोविंद मालवीय ने हॉस्पिटल के बोर्डिंग रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या की। रात में भी वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचा बुधवार सुबह जब उसने अपना रूम का दरवाजा नहीं खोला तो एक अन्य कर्मचारी ने रूम में ऊपर की रोशनदान में से झांक कर देखा तो वह रस्सी के फंदे से झूल रहा था। इस दौरान गोविंद के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है तुरंत मामले की जानकारी किशनगंज पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची किशनगंज पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा और मर कायम कर मामले की जांच की जांच रही है। मामले में किशनगंज टीआई कुलदीप खत्री का कहना है कि सुसाइड नोट को जब्त किया गया है। सुसाइड नोट में गोविंद ने लिखा है कि मैं मानसिक रूप से परेशान हूं मेरी आत्महत्या में कोई भी दोषी नहीं है। फिलहाल पूरे मामले की पुलिस अभी जांच कर रही है।

# भाजपाइयों ने किया थाने पर अनोखा विरोध प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मंगलवार देर रात शहर भाजपा ने कोतवाली थाने पर पहुंचकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता पुलिस प्रशासन के खिलाफ महू टीआई जिंदाबाद, महू पुलिस जिंदाबाद के नारे लगाते हुए नजर आए। इतना ही नहीं पुलिस को फूलों की माला देकर बधाई भी दी।**

आमतौर पर हमेशा विरोध के रूप में लोग पुलिस प्रशासन हाय-हाय के नारे लगाते हुए थाने पर दिखाई देते है। लेकिन मंगलवार देर रात भाजपा के कार्यकर्ता पुलिस प्रशासन जिंदाबाद के नारे लगाते हुए नजर आए। कोतवाली थाना प्रभारी को फूलों की माला भेंट की। भाजपा नेता महेश बागड़ी ने बताया कि कुणाल पिता श्यामलाल निवासी तांगा खाना पर थाना प्रभारी ने प्रेम प्रसंग के चलते एक महिला के कहने पर झूठी एफआईआर दर्ज कर दी।

इस कार्रवाई से गुस्साए भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार देर रात को थाने का घेराव कर दिया। विरोध के रूप में टीआई महेंद्र सिंह भदोरिया को फूलों की माला भेंट की। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि शहर में कई बड़े मामले होते हैं, लेकिन उस पर महू पुलिस तुरंत एक्शन नहीं लेती। गरीब भोली भाली जनता को परेशान कर रही हैं।

# पुलिस ने की जब्त किए 43 दोपहिया वाहनों की नीलामी

## अन्नपूर्णा थाने के 40 और रावजी बाजार में 3 वाहन विक्रय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। थानों में 25 पुलिस एक्ट के तहत जब्त वाहनों का अंबार लग रहा है, जिससे समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसे में कमिश्नर मकरंद देउस्कर ने इसका निराकरण के निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त जोन-4 आरके सिंह द्वारा थाना प्रभारीयो को नीलामी की कार्यवाही के निर्देश दिए। उक्त निर्देशों के अनुक्रम मे अन्नपूर्णा थाना परिसर में लंबे समय से लावारिस पड़े 40 दोपहिया वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया संपन्न हुई। पुलिस के अनुसार संपूर्ण प्रक्रिया में सर्वप्रथम वाहनों के स्वामियों के संबंध की पतारसी की गई, लेकिन कोई नहीं मिला। इस पर वाहनों के निराकरण के लिए पुलिस आयुक्त के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत करने पर उनके द्वारा विज्ञप्ति जारी करवा कर 6 माह की अवधि के भीतर संबंधित वाहनों के वाहन स्वामियों को थाना अन्नपूर्णा पर उपरोक्त वाहनों के संबंध में दावा प्रस्तुत करने हेतु समय दिया गया। इस समयावधि में भी जप्त शुदा लावारिस वाहनों के वाहन स्वामी पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं हुए । तत्पश्चात प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 21 जून को थाना खुली नीलामी की तारीख नियत की गई थी। नीलामी में 56 लोगों ने हिस्सा लिया और 2 लाख 69100 रुपए में 40 वाहन की नीलामी हुई। इस दौरान अति पुलिस उपायुक्त जोन 4 अभिनय विश्वकर्मा, एसीफी अन्नपूर्णा बीपीएस परिहार तथा टीआई गोपाल परमार द्वारा कार्रवाई की गई।

रावजी बाजार में 3 बाइक 31700 में नीलाम इसी प्रकार रावजी बाज़ार थाना परिसर में 25 पुलिस एक्ट मे जप्त 3 बाइक की नीलामी हुई, जिसमें अलग-अलग रूप से 31 हजार 700 रु. में बाइक बिकी। कार्रवाई में एसीपी जूनी इन्दौर दीशेष अग्रवाल की उपस्थिती मे डुईट वाहन 8100 रु, हीरो होन्डा पेशन 11100 व अन्य पेशन 12500 रु में नीलाम हुई।

## रास्ता रोककर मारपीट

इंदौर। बदमाशों ने एक युवक का रास्ता रोक लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए गाड़ी फोड़ दी। तेजाजी नगर पुलिस ने बताया कि यशवंत नागर पिता रमेश निवासी ग्राम मोरदा धाकड़ मक्सी जिला शाजापुर की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया है। यशवंत ने बताया कि वह मुकेश पंवार निवासी रालामंडल के साथ बायपास से जा रहा था, तभी बदमाशों ने रास्ता रोक लिया और मुकेश के साथ बिना वजह विवाद करते हुए मारपीट कर गाड़ी फोडक़र जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

**बदमाश पर रासुका में कार्रवाई- इंदौर**। एरोड्रम थाना क्षेत्र के बदमाश संतोष पिता ईश्वरदास बैरागी निवासी पंचशील नगर को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसके खिलाफ रासुका में कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार आरोपी संतोष बौरागी को जिलाबदर किया गया था। इसके बाद भी वह क्षेत्र में घूम रहा था। इसके चलते उसे गिरफ्त में लेकर रासुका में कार्रवाई की गई।

## वारंट तामिल कराए गए पुलिस वालों पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। वारंट तामिल कराने गए पुलिस वालों से आरोपी के परिवार के लोगों ने विवाद करते हुए हमला कर जमकर मारपीट की। इस दौरान पत्थर से हमला भी कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में एक आरक्षक घायल हो गया।**

घटना तेजाजी नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने मामले में आरक्षक अनिल जाटव पिता मन्नूलाल जाटव निवासी अनुराधा नगर की शिकायत पर दीपक तंवर , अनिल, शारदाबाई सभी निवासी टपालघाटी तेजाजी नगर पर शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। इस मारपीट आरक्षक अरूण घुरैया घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक आरक्षक अनिल और अरुण सहायक पुलिस आयुक्त विशेष न्यायालय आजादनगर से जारी वारण्ट के वारण्टी दीपक की तामीली हेतु उसके घर गए थे, जहां पर आरोपी दीपक व उसकी सास शारदाबाई एवं साथी अनिल द्वारा फरियादी के साथ विवाद कर गाली गलौच किया व जमीन पर पटक दिया पत्थर से मारपीट कर जान से खत्म करने की धमकी दी ।

## युवक का मोबाइल छिना

**इंदौर**। लूसडिया थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश एक युवक का मोबाइल छिनकर भाग निकले। पुलिस को सोमिल पिता संजय कुमार शर्मा निवासी रूप विहारा एवेन्यू चिकित्सक नगर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह स्कीम नंबर 94 में बांबे केमिस्ट के पास से जा रहा था, तभी एक बाइक पर सवार तीन आरोपी आए, इनमें से एक ने हाथ मोबाइल झपटा और भाग निकले। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।